**ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ**
ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು–560003.

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD**
Malleshwaram, Bengaluru – 560003.

**2020-21 ಸಾಲಿನ ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ - 1**
**2020-21 MODEL QUESTION PAPER - 1**

**ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ – ಹಿಂದಿ** | **ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61-H**
**Subject : THIRD LANGUAGE HINDI** | **Subject Code : 61-H**
**ಅವಧಿ : 3 ಗಂಟೆ** | **ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80**
**Time : 3 hrs.** | **Max. Marks : 80**

**ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿಗಳಿಗೆ**
**Regular Fresh**

---

## परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :

1) इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर– वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न है।

2) यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है। परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं।

3) सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।

4) प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।

5) प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है।

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं. उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उनके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए –** 8 x 1 = 8

1. 'आगे' शब्द का विलोम रूप है –
   A. पास
   B. दूर
   C. सामने
   D. पीछे
2. निम्नलिखित में से 'पुल्लिंग' शब्द है।
   A. नारी
   B. बालक
   C. श्रीमती
   D. रानी
3. 'नौका' शब्द का अन्य वचन रूप है –
   A. नौकाएँ
   B. नौका
   C. नाविक
   D. नाँव
4. निम्नलिखित में से 'प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया' रूप है –
   A. जिताना
   B. जीताना
   C. जीत
   D. जितवाना
5. जेब ......... पैसा गिरा।
   खाली जगह में सही कारक होगा –
   A. की
   B. पर
   C. को
   D. से

6. आपका नाम क्या है?

   वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है –

   A. अल्पविराम

   B. प्रश्नवाचक

   C. पूर्ण विराम

   D. अर्ध विराम

7. 'देशप्रेम' शब्द इस समास का उदाहरण है –

   A. द्वन्द्व

   B. द्विगु

   C. तत्पुरुष

   D. अव्ययी भाव

8. निम्नलिखित में से अयादि संधि का उदाहरण है –

   A. पावन

   B. स्वागत

   C. परमौज

   D. नीरस

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए –**

**4 x 1 = 4**

9. जोग : जलप्रपात : : कावेरी : .......................

10. गांधीजी : राष्ट्रपिता : : अब्दुल कलाम : ...................

11. पहली एवरेस्ट पर्वतारोही महिला : बिछेंद्री पॉल : : पहली हिमालय पर्वतारोही पुरुष : ...................

12. अभिमान : पाप का मूल : : दया : ...................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक – एक पूर्ण वाक्य में लिखिए – 4 x 1 = 4**

13. गिलहरी की समाधि कहाँ बनायी गयी?

14. लेखक प्रेमचंद चौक में क्यों गये थे?

15. बालकृष्ण का रंग कैसा था?

16. कवि भारतमाता से क्या प्रार्थना करता है?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए – 8 x 2 = 16**

17. दुकानदार ने अपने नौकर से क्या कहा?

18. अब्दुल कलाम के पिता के बारे में लिखिए?

19. कन्नड़ के ज्ञानपीठ पुरस्कृत साहित्यकार कौन–कौन हैं?

20. बसंत, राजकिशोर से पैसे लेने से क्यों इनकार करता है?

21. भारत माता के स्वरूप के बारे में लिखिए?

22. क्रोधित कृष्ण को माता यशोदा कैसे मनाती है?

23. शनि का वायुमंडल कैसे बना है?

अथवा

शनि का 'उपग्रह' टाइटन के बारे में लिखिए?

24. सत्य का स्वरूप क्या है?

अथवा

झूठ का सहारा लेने से क्या–क्या सहना पड़ता है?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए – 9 x 3 = 27**

25. लेखिका की गैरहाज़री में गिल्लू के कार्य–कलाप के बारे में लिखिए।

26. 'महिला की साहस गाथा' पाठ से हमें क्या सीख मिलती है?

27. कर्नाटक की वास्तुकला और शिल्पकला का वर्णन कीजिए?

28. लेखक को भेजे गये निमंत्रण पत्र में क्या-क्या लिखा गया था? स्पष्ट कीजिए।

29. 'राजकिशोर के मानवीय व्यवहार अनुसरणीय है' कैसे? बताइए।

30. कविता में आधुनिक मानव की भौतिक साधना का वर्णन कैसे किया गया है?

31. समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए?

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ लिखिए -

जड़ चेतन, गुण-दोषमय, विस्व कीन्ह करतार।

संत-हंस, गुण-गहहि पय, परिहरि वारि विकार।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए -

शनि ग्रह अत्यंत मंद गति से सूर्य का एक चक्कर लगाता है। आकाश में साल-भर के अंतर के बाद भी शनि की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं दिखाई देता। यह एक राशि में करीब ढाई साल तक रहता है।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : 2 x 4 = 8**

34. इंटरनेट आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है। विवरण के साथ स्पष्ट कीजिए।

अथवा

सोशल नेटवर्किंग का प्रभाव हमारे समाज पर कैसे पड़ रहा है?

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए-

असफलता ..................................................

...................................................................

..................................................................

..............................................मत भागो तुम।

**VII. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 x 1 = 4**

36. कबीरदास मौन–साधना करने वाले भक्त थे। निराकार परम शक्ति का स्मरण करते थे। उनके अनुसार आंतरिक पवित्रता से ही ईश्वर की प्राप्ति संभव है। जनजीवन के साथ सद्व्यवहार ही कबीरदास की भक्ति का मूलमंत्र है। उनका कथन था – भक्ति के क्षेत्र में सब समान है। वे भौतिक समस्याओं को नगण्य मानते थे। उनका व्यक्तित्व बहुमुखी था। उनकी वाणी अनोखी और अनुपम थी।

i. ईश्वर की प्राप्ति कैसे संभव है?

ii. कबीरदास का कथन क्या था?

iii. कबीरदास की शक्ति का मूलमंत्र क्या है?

iv. कबीरदास की वाणी कैसी थी?

**VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12–15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए**

**1 x 4 = 4**

37. (क) पर्यटन का महत्व

* विषय प्रवेश
* पर्यटन – एक शौक
* पर्यटन से लाभ
* उपसंहार

(ख) वन महोत्सव

* विषय प्रवेश
* वनों का नाश
* वृक्षों का उपयोग
* उपसंहार

(ग) स्वच्छता और स्वास्थ्य

* विषय प्रवेश
* महत्व
* लाभ और उपाय
* उपसंहार

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए –** **1 x 5 = 5**

38. तबीयत ठीक न होने के कारण बताते हुए तीन दिन की छुट्टी के लिए अपने प्रधानाध्यापकजी के नाम पत्र लिखिए।

अथवा

अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने भाई के नाम पत्र लिखिए।